Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 जुलाई, 2023

संसाधन दक्षता चक्रीय अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन

हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने चेन्नई में **चौथी G-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (Environment and Climate Sustainability Working Group- ECSWG)** की बैठक के दौरान **संसाधन दक्षता चक्रीय अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन (Resource Efficiency Circular Economy Industry Coalition- RECEIC)** का शुभारंभ किया।

- ECSWG का लक्ष्य **स्थायी भविष्य** के लिये G20 देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है।
- RECEIC, 39 बहुराष्ट्रीय निगमों के साथ **अपशिष्ट से पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिये संसाधन दक्षता और चक्रीय अर्थव्यवस्था** सिद्धांतों **को अपनाने** का लक्ष्य रखता है।
- यह **प्लास्टिक**, माइक्रोप्लास्टिक्स, ई-अपशिष्ट **और रासायनिक अपशिष्ट जैसी समस्याओं** से निपटने पर केंद्रित है।
- विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व **(Extended Producers' Responsibility- EPR)** दिशा-निर्देशों के माध्यम से प्लास्टिक अपशिष्ट के बोझ को कम करने में भारत के प्रयासों पर ज़ोर दिया गया है।
    - **वर्ष 2021-22 में भारत में 41 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ,** जिसमें 30 लाख टन पंजीकृत रिसाइक्लर्स और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसर को आवंटित किया गया।
    - प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसर्स द्वारा 2.6 मिलियन टन मूल्य के EPR प्रमाणपत्र तैयार किये गए, वर्ष 2022-23 दायित्वों के मुकाबले PIBO द्वारा लगभग 1.51 मिलियन टन की खरीद की गई।

और पढ़ें...भारत की चक्रीय क्रांति

मधुमक्खी आहार पर पराग विविधता का प्रभाव

टेक्सास ए एंड एम एग्रीलाइफ रिसर्च के शोधकर्ता **मधुमक्खी आहार पर पराग विविधता के प्रभाव** और पराग संग्रह एवं खपत के विनियमन के बारे में जानकारी एकत्रित कर रहे हैं।

- इससे वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं, मधुमक्खियाँ अपने **प्रोटीन-लिपिड सेवन को संतुलित** करती हैं और **आवश्यकता से अधिक किसी भी पोषक तत्त्व का उपभोग नहीं करती हैं।**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका में वार्षिक रूप से 40% से अधिक प्रबंधित मधुमक्खियों की संख्या में गिरावट के लिये अपर्याप्त पोषण और परिदृश्य परिवर्तन** ज़िम्मेदार हैं।
    - पोषण संबंधी कमी का मधुमक्खियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
- शोधकर्ताओं की प्राथमिक परिकल्पना यह है कि **मधुमक्खियाँ दो-स्तरीय प्रक्रिया का उपयोग करके अपने कई पोषक तत्त्वों के सेवन को अत्यधिक कड़ाई के साथ नियंत्रित करती हैं।**
    - सर्वप्रथम विचरण करने वाली मधुमक्खियाँ विवेकपूर्ण तरीके से **पराग को पोषण सामग्री के रूप में** एकत्रित करती हैं।
    - इसके पश्चात् नर्स मधुमक्खियाँ **अपने पोषक तत्त्वों के सेवन को संतुलित करने के लिये संचित पराग या मक्षिकादन को** चुनिंदा रूप से खाती हैं।
- शोध के निष्कर्ष मधुमक्खी पालकों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जिससे वे **आवश्यक आहार प्रदान करने और स्वास्थ्य में सुधार करने में सक्षम** होंगे।

भारत एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2023 की मेज़बानी

हाल ही में **ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023** का उद्घाटन किया गया।

- यह पहली बार है कि भारत इस आयोजन की मेज़बानी कर रहा है। चैंपियनशिप में एशिया से **15 से अधिक देश भागीदारी** कर रहे हैं।
- हाल ही में **भारत के वेटलिफ्टरों ने वेटलिफ्टिंग कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ 61 पदक** जीते।

और पढ़ें... महत्त्वाकांक्षी भारत में खेल की भूमिका

FDA द्वारा ओवर-द-काउंटर जन्म नियंत्रण गोली (Opill) को मंज़ूरी

संयुक्त राष्ट्र FDA ने हाल ही में **पहली ओवर-द-काउंटर जन्म नियंत्रण गोली Opill को मंज़ूरी** दे दी है।

- **Opill एक प्रोजेस्टिन गोली है** जो **गर्भाशय ग्रीवा बलगम को गाढ़ा करने और गर्भाशय की परत को पतला करके गर्भावस्था को रोकने के लिये नॉरगेस्ट्रेल नामक सिंथेटिक हार्मोन** का उपयोग करती है।
- **स्तनपान कराने वाली माताओं, एस्ट्रोजेन** के प्रति असहिष्णु लोगों और कुछ विशिष्ट स्वास्थ्य समस्याओं वाले व्यक्तियों को Opill की सलाह दी जाती है।
- Opill का उपयोग **आपातकालीन गर्भनिरोधक के रूप में अथवा अन्य हॉर्मोनल जन्म नियंत्रण विधियों के साथ नहीं किया** जाना चाहिये।

और पढ़ें...गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) अधिनियम 2021

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-july-2023